तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 31 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



पुलिस ने सड़क से लेकर होटल ढाबों तक चलाया चेकिंग अभियान

4




## खबर संक्षेप

### जिले में 10 लाख क्विंटल से अधिक धान की हुई खरीदी

**कोरबा।** जिले में 52 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में 30 दिसम्बर शाम 6 बजे तक की स्थिति में 10 लाख 12 हजार 651 क्विंटल गुणवत्तायुक्त धान पंजीकृत किसानों से खरीदी की गई है। जिला प्रशासन द्वारा समितियों से धान का उठाव भी शीघ्रता से कराया जा रहा है। जिले में अब तक 7 लाख 35 हजार 432 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। जिला प्रशासन द्वारा हाथी प्रभावित क्षेत्रों एवं संवदेनशील धान खरीदी केन्द्रो से प्राथमिकता से धान का उठाव किया जा रहा है। जिससे किसानों को धान बेचने में परेशानी न हो। साथ ही किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संग्रहण केन्द्रों की व्यवस्था एवं समितियों में धान की स्टैकिंग कराकर स्थान बनाया गया है।

### सावित्रीबाई फुले व जयपाल सिंह की जयंती पर होगी कार्यशाला

**कोरबा।** भारत की प्रथम महिला अध्यापिका माता सावित्रीबाई फुले और आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों के प्रणेता जयपाल सिंह मुंडा की जयंती के अवसर पर 3 जनवरी को आदिवासी शक्ति पीठ में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें आदिवासी समाज के जल, जंगल, जमीन, संस्कृति और संविधान की रक्षा जैसे मूलभूत प्रश्नों पर गंभीर विमर्श किया जाएगा। कार्यशाला का विषय जल-जंगल-जमीन, संस्कृति व संविधान की रक्षा तथा पूर्वजों के सपनों की आदिवासी सत्ता के लिए जागरूक और संगठित होना निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता छत्तीसगढ़ आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष केआर शाह होंगे। विशिष्ट वक्ताओं में परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं आदिवासी शक्तिपीठ के सांस्कृतिक सचिव इंजीनियर रूपेन्द्र सिंह पैकरा तथा प्रथम विश्व शक्तिपीठ के सचिव इंजीनियर सुभाष भगत शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ आदिवासी विकास परिषद के जिलाध्यक्ष केआर राज करेंगे।

### बालको मूलनिवासी कार्यालय में मनाया जाएगा नववर्ष

**कोरबा।** सामाजिक संगठन सिद्धार्थ लोककल्याण समिति के तत्वावधान में 1 जनवरी को नववर्ष मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्यमंत्री पार्षद नरेंद्र देवांगन होंगे। मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।यह कार्यक्रम देश की एकता अखंडता और मानवीय समानता के लिए इतिहास रचने और बलिदान देने वाले महान वीरों की पावन स्मृति में शौर्य दिवस के रूप में याद किया जाता है।दोनों सत्रों की अध्यक्षता सिद्धार्थ लोककल्याण समिति एवं मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष गोपाल ऋषिकर भारती करेंगे।कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य समाजसेवक एवं जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है।सिद्धार्थ लोककल्याण समिति एवं मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों में जिला संयोजक क्रांति कुमार साव ,केंद्रीय सचिव सुनील सुना,समाज सेवक महेंद्र थवाईत ,प्रदेश महासचिव एस सी ढोके ,संभागीय सचिव निर्मल चंद्र कसार ,जिला सचिव के एस मडामें, जिला उपाध्यक्ष प्यारेदास महंत , बालको महिला अध्यक्ष शीतला साहू ,जिला सचिव बलजीत कौर ,संभागीय सचिव शीतला रानी रोहिदास आदि ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से अपील किए हैं कि जिन लोगों ने पिछले 6 दिसंबर 2025 को घंटा घर में बाबा साहब अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उपस्थिति दिए थे उनको छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री लखन लाल देवांगन के पिताश्री स्वर्गीय तुलसी राम देवांगन जी, जो कि कोरबा क्षेत्र के भूविस्थापितो और गरीबों के अपने समय के संघर्षशील प्रणेता रहे थे उनकी पावन स्मृति में सम्मानित करने आवश्यक रूप से उपस्थित होने की सूचना देवें।

# उतरदा में विकसित होगा मॉडल पुनर्वास एवं पुनर्वसन स्थल

## 46 हेक्टेयर भूमि पर विकसित किया जाएगा आदर्श टाउनशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


अलग खबर

एसईसीएल दीपका द्वारा लगभग 46 हेक्टेयर अर्जित भूमि पर ग्राम हरदीबाजार के विस्थापित परिवारों के लिए एक आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं आदर्श टाउनशिप विकसित की जा रही है। इस टाउनशिप को तकनीकी विशेषज्ञों एवं आर्किटेक्ट्स द्वारा मॉडल आर एंड आर साइट के रूप में डिज़ाइन किया गया है।

टाउनशिप को मुख्य सड़क नेटवर्क से जोड़ने हेतु एनटीपीसी रेलवे लाइन के समांतर लगभग 6.5 किलोमीटर लंबी एप्रोच रोड के निर्माण की योजना भी प्रस्तावित है। इससे साइट तक आवागमन सुगम, सुरक्षित एवं निर्बाध होगा तथा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और अधिक सुदृढ़ होगी। मॉडल आर एंड आर साइट में प्रत्येक पात्र प्रभावित परिवार को 6 डिसमिल का आवासीय प्लॉट प्रदान किए जाने का प्रावधान है। यह परियोजना हरदीबाजार के लिए अब तक की एसईसीएल दीपका की सर्वश्रेष्ठ पुनर्वास योजना मानी जा रही है। टाउनशिप में सभी आवश्यक बुनियादी नागरिक सुविधाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं, जिनमें मुख्य रूप से सुव्यवस्थित आवासीय क्षेत्र, पार्क एवं हरित क्षेत्र, प्राथमिक एवं उच्चतर शिक्षा के लिए विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अस्पताल, तहसील एवं पंचायत भवन, सामुदायिक भवन एवं अन्य प्रशासनिक भवन, निरंतर विद्युत आपूर्ति हेतु सब-स्टेशन, बाजार एवं व्यावसायिक परिसर, खेल मैदान, तालाब एवं अन्य जल संरचनाएं, पुलिस थाना एवं अन्य प्रशासनिक इमारतें, सुगम आवागमन हेतु प्रमुख मार्ग एवं आंतरिक सड़कें, इन सभी सुविधाओं का उद्देश्य विस्थापित परिवारों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण जीवन-स्तर युक्त आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराना शामिल है। एसईसीएल दीपका क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय मिश्रा, कलेक्टर कुणाल दूदावत तथा स्थानीय प्रशासन के नेतृत्व में यह आर एंड आर साइट प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ एवं आदर्श पुनर्वास परियोजनाओं में से एक के रूप में विकसित की जा रही है, जो सामाजिक पुनर्वास एवं आधारभूत विकास के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगी। उतरदा पुनर्वास एवं पुनर्वसन स्थल का विस्तृत नक्शा एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी सहित 8 गुणा 6 फीट आकार का बैनर ग्राम पंचायत कार्यालय एवं तहसील कार्यालय हरदीबाजार में आम जनता के अवलोकन हेतु प्रदर्शित किया गया है। साथ ही ग्रामवासियों को जानकारी देने के लिए मुनादी भी कराई गई है।

**खास बातें**

- तकनीकी विशेषज्ञों एवं आर्किटेक्ट्स द्वारा तैयार किया जा रहा डिजाइन



## कोल इंडिया का विखंडन निजीकरण का श्रीगणेश

# एसईसीएल व एमसीएल को बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध करने की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश की ऊर्जा सुरक्षा की रीढ़ माने जाने वाली कोल इंडिया लिमिटेड के विखंडन और निजीकरण की प्रक्रिया ने औपचारिक रूप ले लिया है। केन्द्र सरकार द्वारा कोल इंडिया प्रबंधन को जारी पत्र के बाद एमसीएल एवं एसईसीएल को बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध करने की तैयारी तेज हो गई है। कोल इंडिया बोर्ड ने एमसीएल की लिस्टिंग पर सैद्धांतिक सहमति दे दी है, जिसे वित्तीय वर्ष 2026-27 में अमल में लाने की योजना है। इसके बाद एसईसीएल की लिस्टिंग भी लगभग तय मानी जा रही है।

**खास बात**

- कंपनी के विखंडन से पूंजीपतियों को मिलेगा लाभ



फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि श्रमिक संगठनों ने इस कदम को देश उद्योग और कर्मचारियों के हितों के खिलाफ बताते हुए अपना विरोध जताया है। लगभग 50 वर्ष पूर्व तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने श्रमिक संगठनों के संघर्षों के बाद कोयला उद्योग का राष्ट्रीयकरण किया था, जिससे पूंजीपतियों के एकाधिकार को समाप्त कर जनहित में किया जा सके। आज वहीं कोयला उद्योग एक बार फिर निजी हाथों में सौंपने की दिशा में बढ़ रहा है। यह न केवल ऐतिहासिक फैसले की भावना के विरूद्ध है, बल्कि लाखों कोयला कर्मियों के भविष्य पर भी संकट का संदेश है। दरअसल कोल इंडिया का पूंजी आधार इतना विशाल है कि कोई भी उद्योग पति इसे एकमुश्त नहीं खरीद सकता। इसलिए विखंडन कर सहायक कंपनियों के अलग अलग सूचीबद्ध किया जा रहा है, जिससे भविष्य में शत प्रतिशत भी निवेश के जरिए चुनिंदा पूंजीपति इन कंपनियों पर कब्जा कर सके। यह पूरी कार्यवाही नई नहीं है, जब पीयूष गोयल कोयला मंत्री थे तभी से इस दिशा में प्रयास शुरू हो गए थे, जो अब निर्णायक मोड में पहुंच चुके हैं। श्रमिक संगठनों का मानना है कि निजीकरण के बाद कोयला की कीमतों में मनमानी, रोजगार व सामाजिक सुरक्षा में कटौती, ठेका प्रथा का विस्तार तथा ऊर्जा क्षेत्र में एकाधिकार जैसे खतरे बढ़ेंगे।

# ट्रिपल राइडिंग पर कार्रवाई, 96 दोपहिया वाहन चालकों पर लगा जुर्माना



ट्रिपल सवारी करते बाइक चालक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात अनुशासन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शहर एवं जिले के विभिन्न शहरी क्षेत्रों में दोपहिया वाहनों पर ट्रिपल राइडिंग तीन सवारी बैठाने के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, नियम विरुद्ध तीन सवारी बैठाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने एवं आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संचालित किया गया। अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस एवं थाना चौकी स्टाफ द्वारा मुख्यतः शहरी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, व्यस्त चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर चेकिंग की गई। जिसमें कुल 96 दोपहिया वाहनों पर ट्रिपल राइडिंग करते पाए जाने पर चालान की कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत कटघोरा, बालको और कोटवाली थाना क्षेत्र में अधिकतम 17, 13 और 13 वाहनों का चालान किया गया तथा कुल लगभग 42,000 (बयालीस हजार) रुपये का अर्थदंड वसूल किया गया। ऐसे कृत्य न केवल मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन हैं, बल्कि वाहन की संतुलन क्षमता, ब्रेकिंग व नियंत्रण को प्रभावित कर गंभीर दुर्घटना का कारण भी बनते हैं। पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि ट्रिपल राइडिंग पर सख्त और निरंतर कार्रवाई की जाएगी तथा बार बार नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# मेडिकल कॉलेज के लिए आबंटित भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशों के परिपालन में तहसीलदार भैसमा केके लहरे एवं राजस्व टीम द्वारा ग्राम भूलसीडीह स्थित मेडिकल कॉलेज हेतु आबंटित पार्ट-2 की शासकीय भूमि में की गई कार्रवाई के तहत कुल 28 एकड़ भूमि में से 18 एकड़ रकबा सरपंच एवं ग्रामवासियों के सहयोग से बेजा कब्जों से मुक्त कराया गया है। कार्रवाई के दौरान राजस्व अमले एवं ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता से भूमि को अतिक्रमणमुक्त कर मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु संरक्षित किया गया। जिला प्रशासन ने ग्राम भूलसीडीह के सरपंच एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना की है। कलेक्टर श्री दुदावत ने स्पष्ट किया है कि शासन द्वारा स्वीकृत सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे तथा भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



तोड़ी गई बाउंड्रीवाल।

# नए साल में पुलिस अलर्ट, पिकनिक स्थलों पर गश्त


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नए साल के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी है। जनसामान्य को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से सभी प्रमुख पिकनिक स्थलों, पर्यटन क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की गश्त और चौकसी बढ़ा दी गई है।

**खास बात**

- नियम तोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

पुलिस का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नागरिक सुरक्षित, व्यवस्थित और कानून के दायरे में रहकर नव वर्ष का उत्सव मनाएं। टीमें जिले के हर लोकप्रिय पिकनिक स्थल और अन्य मनोरंजन क्षेत्रों पर लगातार गश्त और निगरानी कर रही हैं। शराब पीकर वाहन चलाने, अत्यधिक तेज आवाज में संगीत बजाने, सार्वजनिक स्थान पर अश्लील आचरण या किसी भी प्रकार की कानून-विरोधी गतिविधि में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान के तहत, पुलिस दल यातायात नियमों के पालन, नशे में गाड़ी चलाने की रोकथाम, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण और महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। चलती हुई गाड़ियों की औचक जांच भी की जा रही है। जिले के प्रमुख पिकनिक स्पॉट जैसे सतरेंगा, झोराघाट, परसखोला, बुका, बांगोडेम, रजगामार, केंदई और कॉफी प्वाइंट सहित सभी छोटे-बड़े स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहेगा और लगातार गश्त करेगा।



### कार्रवाई के लिए डायल करें 112

शहर के मुख्य चौराहे निहारिका घंटाघर, सुभाष चौक, कोसाबाड़ी चौक, बुधवारी जैन चौक, सीएसईबी चौक, टीपी नगर चौक, सुनालिया चौक, सीतामढ़ी चौक और गौ माता चौक पर भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। संबंधित थाना-चौकी की पेट्रोलिंग टीमें भी लगातार गश्त करेंगी। एएसपी नीतिश ठाकुर ने कहा कि नव वर्ष की तैयारियों के मद्देनजर संबंधित थाना-चौकी प्रभारियों को अपने क्षेत्र में लगातार नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील की है कि वे जिम्मेदारी के साथ नव वर्ष का आनंद लें और कानून का सम्मान करें। किसी भी आपात स्थिति या हुड़दंग की सूचना के लिए नागरिक पुलिस नियंत्रण कक्ष या 112 पर संपर्क कर सकते हैं, जिस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### डीजे और यातायात पर कड़ी नजर



जिले के सभी थाना एवं चौकियों द्वारा अपने-अपने थाना परिसर में सभी व्यापारी वर्ग एवं डीजे संचालकों की बैठक आयोजित कर निर्धारित समय पर दुकान बंद करने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने तथा रात्रिकालीन समय में अनावश्यक रूप से दुकानें खुली न रखने के संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए गए। साथ ही व्यापारियों को भी समझाइश दी गई कि बैंक में नगद राशि जमा करते समय पूर्ण सतर्कता बरतें, किसी विश्वसनीय व्यक्ति को अपने साथ रखें, अकेले न जाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित थाना चौकी को दें। बैठक में डीजे संचालकों को शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा एवं डेसिबल मानक का अनिवार्य रूप से पालन करने तथा निर्धारित समय पर डीजे बंद करने के निर्देश दिए गए। नियमों के उल्लंघन पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई। नववर्ष के अवसर पर जिले के ढाबा संचालकों की बैठक तथा होटल, सराफा बाजार, मोबाइल दुकानों, बैंक मार्गों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग कर विशेष निगरानी रखी जा रही है। जिले के विभिन्न पिकनिक स्थलों एवं पर्यटन क्षेत्रों में संभावित भीड़ को देखते हुए वहां पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## माध्यमिक शिक्षा मंडल की सूची में जिले के 9 स्कूलों के शिक्षक शामिल

# खराब रिजल्ट के मामले में डीपीआई ने विभाग से मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य में गड़बड़ी करने वाले और खराब रिजल्ट के मामले में माध्यमिक शिक्षा मंडल ने ऐसे शिक्षकों की सूची जारी कर दी है जिन पर कार्यवाही की अनुशंसा की गई है। उक्त सूची में जिले के 9 स्कूलों में व्याख्याता शामिल हैं। जिनपर कार्यवाही की जाएगी। 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले विषय और उनके शिक्षकों के संबंध में डीपीआई ने शिक्षा विभाग से जानकारी मांगी है।

बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद पुनर्मूल्यांकन के लिए अधिकांश छात्रों ने अपने आवेदन दिए थे। जिसके बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल ने उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य दोबारा शुरु कराया। जिसमें पूर्व में हुए मूल्यांकन कार्य में की गई गड़बड़ी का खुलासा हुआ। कार्य के मूल्यांकन के दौरान 20 से लेकर 40 नंबर तथा 50 से 40 नंबर तक के वृद्धि हुई थी। ऐसे गड़बड़ी करने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा तीन श्रेणी बनाई गई थी जिनमें 20 से 40 अंकों की वृद्धि करने वाले पहले नंबर पर थे। उसके बाद 41 से 49 अंक और फिर 40 से 50 नंबर वाले शिक्षक शामिल हैं। इन पर कार्यवाही के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने पूर्व में नोटिस जारी की थी। इस कार्यवाही के तहत ऐसे शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षा मंडल ने मूल्यांकन कार्य में गड़बड़ी के लिए दोषी माना है उन्हें मूल्यांकन कार्य से तीन साल से पृथक करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही ऐसे शिक्षकों की वेतन वृद्धि रोकने की भी कार्यवाही की जाएगी। बताया जाता है कि लोक शिक्षण विभाग ने ऐसे शिक्षकों की जानकारी शिक्षा विभाग से मांगी है जिनके विषय में 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम रहा। डीपीआई के द्वारा मांगी गई जानकारी में शिक्षकों का नाम और उनके द्वारा स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले विषय भी शामिल है।



फाइल फोटो

### जिले के इन स्कूलों के शिक्षक शामिल

कोरबा ब्लॉक-शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़ीबहार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा, निर्मला अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार, बालको टाउनशिप अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

कटघोरा ब्लॉक-बीकन अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दर्री, बीकन अंग्रेजी माध्यम उमावि ढेलवाडीह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाईबाजार

पाली ब्लॉक-शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुनगाडीह

करतला ब्लॉक- शासकीय नवीन उमावि पठियापाली

### मतदाता जागरूकता एवं विशेष शिविरों का आयोजन

**कोरबा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी के संदर्भ में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम संचालित है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अवधि 23 दिसम्बर से 22 जनवरी निर्धारित की गई है। एसआईआर के तहत 23 दिसम्बर को प्रकाशित फोटोयुक्त मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए पात्र मतदाताओं सहित 1 जनवरी की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं से घोषणा पत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र-6 में आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त 1 अक्टूबर की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं से भी प्रपत्र-6 में अग्रिम आवेदन लिया जाएगा। निर्वाचन कार्यों की प्रभावशीलता बढ़ाने तथा मतदाता जागरूकता का वातावरण सृजित करना है।



## एसईसीएल में शुरू हुई कोल इंडिया की पहली पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित डिस्पेंसरी

महिला सशक्तीकरण की दिशा में पहल करते हुए एसईसीएल मुख्यालय स्थित वसंत विहार डिस्पेंसरी का कोल इंडिया की पहली पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित डिस्पेंसरी के रूप में औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अभिनव पहल का शुभारंभ एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी.सुनील कुमार तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त कदम मानी जा रही इस पहल के अंतर्गत अब वसंत विहार डिस्पेंसरी की संपूर्ण ज़िम्मेदारी महिलाएँ निभाएंगी। इसमें चिकित्सक, नर्स, फार्मासिस्ट से लेकर अन्य सभी स्टाफ शामिल हैं। डिस्पेंसरी की कमान संभालने वाली 14 सदस्यीय महिला टीम में 5 डॉक्टर, मैट्रन, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट आदि शामिल हैं।



## लिथियम की मौजूदगी जानने खदान की ड्रिलिंग शुरू

जिले में प्रस्तावित लिथियम खदान के लिए ड्रिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 256 हेक्टेयर में ड्रिलिंग की जा रही है। इसके लिए जगह-जगह 54 बोर किए जाएंगे। 100 मीटर की गहराई तक मिट्टी के सैंपल लिए जा रहे हैं। इसकी जांच के बाद स्पष्ट होगा कि यहां प्रति क्यूबिक मीटर में लिथियम की कितनी मौजूदगी है। जिले के नगर पालिका परिषद कटघोरा से लगी 256 हेक्टेयर जमीन पर लिथियम की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। ऊंची बोली लगाकर खदान को हासिल करने वाली निजी कंपनी माइकी साउथ माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने चिन्हित जमीन पर लिथियम की मौजूदगी का पता लगाने के लिए आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पहले चरण में मिट्टी और चट्टानों के सतही अध्ययन के बाद यहां पर ट्रेंचिंग शुरू हुई है।



## आंदोलनरत भूविस्थापितों पर सीआईएसएफ के जवानों ने किया लाठी चार्ज

एसईसीएल गेवरा खदान से प्रभावित भूविस्थापित रोजगार, बसाहट, मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में 23 अक्टूबर 2025 को खदानबंद आंदोलन कर रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में सीआईएसएफ व पुलिस बल की तैनाती की गई थी। आंदोलन को देखते हुए एसईसीएल के अधिकारी आंदोलनकारियों को वार्ता के लिए बुला रहे थे। इसी दौरान अचानक किसी बात को लेकर माहौल गरमा गया और देखते ही देखते सीआईएसएफ के जवानों ने भूविस्थापितों पर लाठी चार्ज कर दिया। सीआईएसएफ के लाठी चार्ज से कई भूविस्थापितों को चोट पहुंची है। जिसके बाद आक्रोशित भूविस्थापितों ने दीपका थाना में सीआईएसएफ जवानों के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग करने लगे। पुलिस ने मामले में शिकायत के बाद जांच शुरू कर दी है।



## खदान से कोयला चोरी करना पड़ा महंगा, दो की मौत एक घायल

एसईसीएल गेवरा खदान में कोयला चोरी कर रहे दो युवकों की 27 मई 2025 को कोयले के मलबे में दबने से मौत हो गई और एक युवक घायल हो गया। तीनों युवक खदान में 10 फीट गहरा गड्ढा खोदकर कोयला चोरी कर रहे थे इसी दौरान अचानक कोयला धसने से दो लोग मलबे में दब गए। सूचना मिलने पर पुलिस व एसईसीएल की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंचे जिसके बाद रेस्क्यू का काम शुरु किया गया। लगभग 7 घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद मलबे में दबे दोनों युवकों का शव बाहर निकाला गया। इस बीच हादसे में मृत युवकों के परिजनों व ग्रामीणों ने मुआवजा व आउटसोर्सिंग में नौकरी की मांग को लेकर चक्काजाम शुरु कर दिया। प्रबंधन द्वारा मृतकों के परिजनों को 1-1 लाख रुपए तात्कालीक सहायता राशि देने व निजी कंपनी में नौकरी देने का आश्वासन पर चक्काजाम समाप्त किया गया।

## खदानों की नीलामी से राज्य को सर्वाधिक 1722 करोड़ का मिला राजस्व



पिछले पांच वर्षों में वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी से राज्य को सर्वाधिक 1722.85 करोड़ के राजस्व की प्राप्ति हुई है। वाणिज्यिक कोयला नीलामी से वर्ष 2020 से अब तक कुल 4149 करोड़ रूपये की राशि मिली है। जिसके तहत कुल 109 कोयला खदानें आबंटित की गई है। वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के माध्यम से जिन खदानों की नीलामी की गई वर्तमान में उनमें से 15 खदानें चालू हैं। इसके अतिरिक्त, इसी अवधि के दौरान 392 गैर-कोयला प्रमुख खनिज ब्लॉकों की नीलामी की गई है। जिनमें से 32 चालू हैं।



## कोल इंडिया में ड्रेस कोड लागू, 2 लाख से अधिक कर्मचारियों के लिए बना नया नियम

केंद्र सरकार के उपक्रम कोल इंडिया लिमिटेड में कर्मियों के ऑफिस आने की ड्रेस तय कर दी गई है। अब 2 लाख 19 हजार 951 कर्मचारियों को स्काई ब्लू शर्ट और नेवी कलर का पेंट पहनकर ही ऑफिस आना होगा जबकि महिला कर्मियों को मैरून साड़ी सूट एवं काला सलवार सूट या शर्ट पहनना होगा। कोलइंडिया प्रबंधन द्वारा ड्रेस कोड को लेकर जारी नए आदेश की नाफरमानी पर न केवल एब्सेंट लगेगा बल्कि उस दिन की सैलरी भी काट ली जाएगी। कोल इंडिया ने ड्रेस कोड के लिए रेपुटेटेड कम्पनी के कपड़े खरीदने का निर्णय लिया है, जिसमें रेमंड्स, ब्लैक बेरी, लुई फिलिप्स, वर्धमान, अरविंद टेक्सटाइल, रामराज कॉटन शामिल हैं। कोल इंडिया ने ड्रेस कोड के लिए 2 करोड़ 75 लाख रुपये खर्च करने का निर्णय लिया है।




12 अप्रैल 2025

## पीआईएल में फर्नेस ब्लास्ट, दो की मौत 11 घायल

पीआईएल चांपा में हुए हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, वहीं 11 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। इस मामले में कारखाना प्रबंधक एवं अधिभोगी पर कार्रवाई की गई।



## नौकरी की मांग को लेकर भूविस्थापित महिलाओं ने किया अर्धनग्न प्रदर्शन

एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित भूविस्थापित महिलाओं ने नौकरी की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया। आक्रोशित महिलाएं 18 जुलाई 2025 को कुसमुंडा जीएम कार्यालय में अर्धनग्न प्रदर्शन करने लगे, महिलाओं ने अधिकारियों को चूड़ियां भी भेंट की। प्रबंधन के अधिकारियों की समझाइश के बाद भी महिलाएं अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे, जिसकी वजह से घंटों तक कार्यालय में माहौल गरमाया रहा। एसईसीएल की कुसमुंडा मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के गेट पर सुबह से ही महिलाएं एकत्र हो गई थीं। इसके बाद आक्रोशित महिलाएं कार्यालय के भीतर दाखिल हुईं और अपनी मांगों को लेकर महिलाओं ने अर्धनग्न प्रदर्शन शुरु कर दिया। जिसकी वजह से प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ गई। महिलाओं के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए प्रबंधन के आला अधिकारी व सुरक्षा अधिकारियों ने उन्हें समझाइश का प्रयास किया, पर वह अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे।



## निजी कंपनी भूविस्थापितों पर दबाव बनाने के लिए ले रही महिला बाउंसरों का सहारा

एसईसीएल कुसमुंडा खदान से जुड़े कार्यों में लगी निजी कंपनी नीलकंठ द्वारा ग्रामीणों पर दबाव बनाने के लिए महिला बाउंसरों का सहारा लिया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कंपनी की ओर से भेजी गई इन महिला बाउंसरों ने न केवल उनसे अभद्र व्यवहार किया, बल्कि धक्का मुक्की और मारपीट कर विरोध की आवाज दबाने का प्रयास भी किया है। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी द्वारा लगातार उन्हें शोषित और परेशान किया जा रहा है। कुसमुंडा खदान से प्रभावित भूविस्थापित पहले से ही भूमि अधिग्रहण, मुआवजा और रोजगार की समस्याओं से जूझ रहे हैं। वहीं अब उन्हें डराने धमकाने के लिए महिला बाउंसरों का सहारा लिया जा रहा है। खासकर ग्रामीण महिलाओं के विरोध को दबाने के लिए इस तरीके का इस्तेमाल किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि ग्रामीणों के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के दौरान महिला बाउंसरों ने बदसलूकी की, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया।

## मेमू भिड़ी मालगाड़ी से, लोको पायलट समेत 8 यात्रियों की मौत, परिजनों में मचा हड़कंप

अलविदा 2025 वैसे तो हादसों से भरा रहा इनमें रेल हादसा भी एक कड़ी के रुप में शामिल हुआ। 4 नवंबर को प्रतिदिन की तरह गेवरा रोड से रायपुर की ओर जा रही मेमू पैसेंजर शाम 4.50 बजे बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पास पहुंची उसी ट्रेक पर पहले से ही खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी। इस घटना में लोको पायलट सहित 8 यात्रियों की मौत हुई थी।






## मेडिकल कालेज अस्पताल को मिली पीजी की मान्यता

मेडिकल अस्पताल कोरबा में चार विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की पढ़ाई शुरू होने के लिए 17 अक्टूबर 2025 को नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा अनुमति प्राप्त हो गई है वर्तमान सत्र से पाठ्यक्रम हेतु भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। जिसमें एमडी एनेस्थीसिया की तीन सीट, एमडी स्त्रीरोग की 3 सीट, एमडी जनरल मेडिसिन 4 सीट, एमडी जनरल सर्जरी की 4 सीट के लिए अनुमति दी गई है।नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चार विषयों पर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के शुरु होने से जिले सहित उपनगरीय क्षेत्रों में निवासरत लोगों व सीमावर्ती जिलों के लोगों को भी इलाज में मददगार साबित होगी। शासकीय बिसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय प्रारम्भ होने के बाद इस दिशा में तेजी से कार्य शुरु हुए। 4 वर्ष में चिकित्सा में पर्याप्त सीटें हासिल हुई है। इसका लाभ चिकित्सा छात्रों को मिल रहा है।

## आग की घटना




## हुआ करोड़ों का नुकसान

अलविदा 2025 की सबसे बड़ी घटनाओं में शहर के मध्य एक बड़े एसएस प्लाजा व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स में सोमवार की सुबह 6 बजे पांच दुकान में हुई आगजनी की घटना से करोड़ों रुपए का नुकसान व्यवसायियों को हुआ है। हालांकि इस घटना से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। शहर के मध्य बड़े व्यवसायी परिसर में हुई इस आगजनी की घटना से व्यवसायिक परिसरों की सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल खड़ा हो गया है।




## निकायों में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के रिश्तेदार कार्यों में नहीं कर सकेंगे हस्तक्षेप

अब नगरीय निकाय में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के पारिवारिक रिश्तेदारों को सांसद या विधायक प्रतिनिधि नियुक्त नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा अब निर्वाचित महिला पदाधिकारियों के काम काज संचालन के दौरान उनके सगे संबंधी किसी भी तरह के हस्तक्षेप नहीं कर सकेंगे। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अवर सचिव एस आर ठाकुर ने 10 दिसंबर को सभी नगरीय निकायों के आयुक्त को आदेश जारी किया है कि नगरीय निकायों के कामकाज संचालन के दौरान बैठक आदि में महिला पदाधिकारियों के कोई भी संबंधी रिश्तेदार भाग नहीं लेंगे और ना ही किसी तरह की हस्तक्षेप या दखलअंदाजी करेंगे। इसके अलावा किसी विषय पर किसी भी पदाधिकारी या कर्मियों को महिला पदाधिकारी की ओर से निर्णय लेकर सूचित करेंगे।

## लापरवाही : जच्चा-बच्चा की हुई मौत




**कोरबा।** प्रसव पीड़ा बढ़ने पर महिला को अजगरबहार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक द्वारा गर्भवती महिला की नार्मल डिलिवरी कराई गई। डिलिवरी के दौरान जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ्य थे लेकिन अचानक दोनों की तबियत बिगड़ने लगी और 15 जून 2025 को जच्चा और बच्चा की मौत हो गई। पीएससी में प्रभारी चिकित्सक के अनुपस्थिति ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया। जिले के ग्राम पंचायत चुहिया के भटगांव में एक मामला सामने आया है। गर्भवती श्रीमती मंगई पति अमर सिंह निवासी भटगांव को अचानक प्रसव पीड़ा हुई। परिजनों ने तत्काल महतारी एक्सप्रेस 102 को कॉल कर श्रीमती मंगई को अजगरबहार प्राथमिक केंद्र पहुंचाया। पीएससी में ड्यूटी पर तैनात स्टॉफ भुवनेश्वरी चंद्रवंशी ने महिला का नॉर्मल डिलीवरी कराई। डिलीवरी के कुछ देर बाद तक जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ थे लेकिन अचानक दोनों की तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद 15 जून की दोपहर करीब 2.30 बजे श्रीमती मंगई बाई और उसके नवजात शिशु की मौत हो गई।



## जलमग्न फोरलेन सड़क में नहाकर व्यापारियों ने किया अनोखा विरोध प्रदर्शन

गड्ढों में तब्दील जर्जर सड़क के नवनिर्माण की मांग को लेकर कुसमुण्डा में व्यापारियों ने अनोखा प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। विकासनगर के जलमग्न फोन लेन सड़क पर व्यापारी संघ के नेतृत्व में स्नान कर व्यापारियों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जिले भर में चर्चाओं का बाजार सरगर्म रहा। कुसमुंडा क्षेत्र में सड़कों की बदहाल स्थिति और लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के खिलाफ रविवार को व्यापारियों ने एक अनूठा और प्रभावशाली विरोध प्रदर्शन किया। नाराज व्यापारियों ने विकास नगर के जलमग्न फोरलेन पर गड्ढों में जमा पानी में नहाकर प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश जताया।



## बुका पहुंचे विदेशी सैलानी

बांगो डूबान का क्षेत्र बुका पर्यटन केन्द्र में 14 दिंसबर 2025 को विदेशी पर्यटकों की टीम लंदन से बुका पहुंची थी, जहां दो दिनों तक बुका पर्यटन केन्द्र के प्राकृतिक नजारों को देखकर यह टीम काफी गदगद थी।



## सराफा व्यवसायी की नृशंस हत्या

शहर के लालूराम कॉलोनी निवासी सराफा कारोबारी गोपाल राय सोनी की 6 जनवरी को अज्ञात हमलावरों ने उसके घर में घुसकर हत्या की सनसनी खेज वारदात को अंजाम दिया था। इस हत्या के मामले को पुलिस ने एक सप्ताह बाद 12 जनवरी को सुझाने में कायाबी मिली थी।



## मौत के बाद फूंका वाहनों को

नए साल के आगाज के साथ ही पूरा शहर नए साल का जश्न मनाने में मशगुल था तो वहीं दूसरी ओर नए साल के पहले दिन ही शहर में एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई थी, जबकि दूसरा युवक के गंभीर रुप से घायल हो जाने पर बस्तीवासियों का आक्रोश फूट पड़ा और बस्तीवासियों ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रेलर वाहन सहित दो ट्रेलरों को आग के हवाले कर दिया था और चक्काजाम कर दिया था। जिससे शहर में स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई थी।



## गड़े धन की लालच में डाली डकैती

11 नवंबर की रात बालको थाना क्षेत्र के ग्राम तरईडांड में डकैती की सनसनी खेज घटना सामने आई थी। जहां पुलिस ने 19 डकैतों को गिरफ्तार किया था। जहां आरोपियों ने पीड़ित के घर से सोने का हंडा हासिल करने के चक्कर में इस वारदात को अंजाम दिया था।



## आफत की बारिश, कुसमुंडा खदान में भरा पानी

एसईसीएल कुसमुंडा खदान में 1 जून 2025 की शाम हुई तेज बारिश के कारण जलभराव की स्थिति बन गई। माइंस के अंदर पानी भर जाने से कुछ समय के लिए कोयला उत्पादन प्रभावित हुआ। इस दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉले के तहत कुछ घंटों तक काम रूका रहा। इसके बाद फिर दोबारा कोयला उत्खनन व डिस्पैच का कार्य शुरू कर दिया गया। हालांकि खदान में सामान्य दिनों की अपेक्षा कम कोयला उत्पादन किया गया। एसईसीएल की कुसमुंडा खदान में उस वक्त हड़कंप मच गया जब बारिश का पानी खदान में घुसने लगा। देखते ही देखते खदान में चारों ओर पानी ही पानी नजर आने लगा, जिसकी वजह से खदान में लगे सभी वाहन व मशीन बंद कर दिए गए। सुरक्षा कारणों को देखते हुए कुछ समय तक कोयला उत्खनन व डिस्पैच कार्य बाधित रहा।



## 15 फीट का मिला पहरचित्ती

कोरबा वनमंडल के पसरखेत रेंज में 29 सितंबर को 15 फीट लंबा विशालकाय किंग कोबरा (पहरचित्ती) सांप एक ग्रामीण के घर में घुस गयाथा, जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया था। वन विभाग को सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने पहरचित्ती सांप का रेस्क्यू किया था।



# अंधविश्वास ने ली तीन युवाओं की जान

**कोरबा।** 10 दिसंबर की रात जिले में उस समय हड़कंप मच गया था जब उरगा थाना के ग्राम कुदरी स्थित एक फार्म हॉउस में शहर के स्क्रैप कारोबारी अशरफ सहित तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी। जहां बिलासपुर से पहुंचे तांत्रिकों ने झारन विधि से आसमान से पैसा बरसाने का झांसा दिया, तीनों मृतकों के मुंह में नींबू, गले में नारियल रखकर नायलोन की रस्सी से बांधकर उसे कसने लगे। तांत्रिक बार बार कह रहे थे कि जो रस्सी के कसन को जितना ज्यादा सहेगा उसके उपहार उतना ही ज्यादा आसमान से पैसों की बारिश होगी। जिसके बाद तीनों की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में तांत्रिक सहित आरोपियों को गिरफ्तार का सलाखों के पीछे भेजा है।



## कुआं धंसा, एक ही परिवार के 3 की मौत

कटघोरा थाना क्षेत्र के जटगा चौकी अंतर्गत बनवार ग्राम पंचायत के ग्राम खोडरी में 28 अगस्त को छेदूराम श्रीवास उम्र 65 वर्ष उसकी पत्नी कंचनबाई श्रीवास उम्र 53 वर्ष व उसका छोटा पुत्र गोविंद श्रीवास 30 वर्ष घर के पीछे स्थित नवनिर्मित कुआं के धसने से उसकी जद में आकर कुएं के मलबे में धंस गए थे। इस हादसे में तीनों सदस्य मलबे में दब गए थे, 27 घंटे के अथक प्रयास के बाद स्क्यू कर उनके शव को बाहर निकाला गया था।




## भाजपा नेता की नृशंस हत्या

कटघोरा निवासी भाजपा नेता, व्यापारी व जनपद सदस्य अक्षय गर्ग की व्यवसायिक व राजनीतिक दुश्मनी की वजह से नृशंस हत्या का सनसनी खेज मामला सामना आया था। मामले को पुलिस ने दूसरे दिन ही सुलझा लिया, जिसमें पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। अक्षय की हत्या राजनीतिक व व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा को लेकर की गई थी। इस घटना के बाद व्यवसायियों ने नगर का मार्केट बंद करा दिया था।



## दो दिन में दंतैल ने ली 3 की जान

बिलासपुर वनमंडल के सीपत रेंज से पहुंचे दंतैल हाथी कोरबा और कटघोरा वनमंडल के लिए आंतक का पर्याय बन गया था। हाथी ने 18 और 19 दिसंबर को दो दिन के भीतर ही कोरबा और कटघोरा वनमंडल में तीन ग्रामीणों को मौत के घाट उतारा। इसके अलावा क्षेत्र में जमकर उत्पात मचाया। वर्ष 2025 में दंतैल हाथी ने वन विभाग के नाक में दम कर रखा था।



## पुलिस टीम पर ग्रामीणों का हमला

**कोरबा।** बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम लमनापारा बगबुड़ा में 29 जून को चोरी के मामले की तस्दीक के लिए गई बांगो थाने की पुलिस टीम में शामिल आरक्षक अभिषेक पांडे, गजेन्द्र विद्यावर, अनिल पोर्ते सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। ग्रामीणों ने उन पर हमला कर दिया था, जिसके बाद पुलिस के जवान जंगल की ओर भागकर किसी तरह जान बचाने में कामयाब हुए थे।



## भारी मात्रा में रेत जब्त

जिले में रेत तस्करों का कितना बोलबाला था यह आप सोच भी नहीं सकते हैं। खनिज विभाग और पुलिस की एक संयुक्त टीम ने जिले के अलग-अलग स्थान में छापेमारी कर 20 जून को 1400 ट्रेक्टर से अधिक रेत का अवैध भंडारण जब्त किया था जो अब तक जिले की सबसे बड़ी कार्यवाही थी।



## कल्की के अवतार का खुला राज

खुद को कल्कि का अवतार बताकर एक ग्रामीण की हत्या कर गांव के अन्य पांच लोगों को मौत के घाट उतारने की धमकी देने वाले युवक को लंबे अंतराल के बाद 9 मार्च को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हत्यारा युवक जांजगीर चांपा जिले के सिवनी गांव का रहने वाला था, जिसने अवैध संबंध के शक पर हत्या की इस वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद उसने गांव में कई घरों की दीवार पर खुद को कल्कि का अवतार बताते हुए और कुछ ग्रामीणों की हत्या करने संदेश लिख कर दहशत फैलाने की कोशिश की थी।




## केबिनेट की बैठक 28 सौ करोड़ की सौगात

11 सितंबर का दिन जिले के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिन रहा। जब प्रदेश की पूरी कैबिनेट सरकार कोरबा जिले में एक दिन के लिए बैठी थी। अवसर था मध्य क्षेत्रीय आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक का, इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने मंत्रीमंडल के सहयोगियों के साथ प्रदेश की योजनाओं के लिए चर्चा करते हुए सबसे बड़ी सौगात सिंचाई योजना के लिए दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश की 115 अधूरी सिंचाई योजनाओं के लिए 28 सौ करोड़ रुपए देने की घोषणा कोरबा जिले से की। मुख्यमंत्री की इस घोषणा से प्रदेश में 76 हजार हेक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ेगा। इसके साथ ही बजट को 75 करोड़ करने की घोषणा भी की।




## बहुप्रतीक्षित कन्वेंशन हाल का लोकार्पण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 13 जून को अपने एक दिवसीय कोरबा प्रवास के दौरान कोसाबाड़ी रिस्दी मार्ग में 5 करोड़ की लागत से तैयार किए गए कन्वेंशन हाल का लोकार्पाण करते हुए इसका नामकरण रानी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम करते हुए उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान 10 विभाग के कुल 16 विकास कार्यों में 24 करोड़ 10 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण व 199 करोड़ 77 लाख के 50 कार्यों का भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि 145 करोड़ की राशि सड़क निर्माण के लिए डीएमएफ से स्वीकृत की गई एवं 223 करोड़ रुपए की सौगात दी गई।



## डीएमएफ से सड़कों के लिए मिली 177 करोड़ की राशि

इस राशि से कुदमुरा श्यांग सड़क के दूसरे चरण का निर्माण कार्य शुरु होगा जो पिछले लंबे समय से रुका हुआ था। 12 किमी लंबी इस सड़क के लिए 22 करोड़ की राशि जारी हुई है। लोक निर्माण विभाग के द्वारा सड़क निर्माण कराया जाएगा इनके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क जिनमें सतरेंगा से लेमरू मार्ग, विमलता से नकिया मार्ग, कुदरीचिंगर से बड़मार मार्ग, अजगरबहार से आछीमार सड़क, पाली पोलमी सड़क, लैंगा से कोडगार सड़क मार्ग एवं बताती चचिया सड़क मार्ग शामिल हैं। इन सड़कों के निर्माण के लिए राज्य शासन की ओर से फंड जारी नहीं होने की स्थिति पर खनिज न्यास मद से पहली बार इतनी बड़ी राशि सड़क निर्माण के लिए जारी की गई है।



## दर्री बैराज तक 83 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

जिले के बरमपुर से दर्री बराज तक टू-लेन सड़क के लिए राज्य शासन से मंजूरी मिल गई है। सड़क निर्माण के साथ अहिरन नदी पर पुल भी बनाया जाएगा। एसईसीएल ने तीन साल पहले ही लगभग 83 करोड़ रुपए की राशि सीएसआर मद से स्वीकृत की थी। सड़क का निर्माण बांयीं तट नहर के किनारे होना है।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल का खदानों में दिखा व्यापक असर

केन्द्र सरकार की मजदूर व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 17 सूत्रीय मांगों को लेकर 17 जुलाई को किए गए एक दिवसीय कामबंद हड़ताल का जिले के कोयला खदानों में व्यापक असर देखने को मिला। श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी सुबह पहली पाली से ही हड़ताल को सफल बनाने में जुटे हुए थे। अलग अलग क्षेत्रों में श्रमिक नेताओं ने मोर्चा संभाला था। श्रमिक संगठनों ने एसईसीएल के कोयला खदानों में 80 प्रतिशत हड़ताल सफल होने का दावा किया है। वहीं एसईसीएल प्रबंधन ने हड़ताल को आंशिक रूप से सफल बताते हुए उत्पादन पर असर नहीं पड़ने की बात कही है।



## //आम सूचना//

मैं पोतन पल्ली कृष्ण वेनी उम्र 68 पति स्व. पोतन पल्ली पापय्या, निवासी हाउस नंबर 210, 2 फ्लोर, महामाया एनक्लेव, ज्योति स्कूल के पीछे, पंचशील नगर चरौदा, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन 490025 की हूं। यह कि मैं उपरोक्त पते की निवासी हूं। यह कि मेरा आधार कार्ड नंबर 5467 6926 1726 है। यह कि पूर्व में मैं क्वा. नंबर LIG 26 बी छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी रामपुर, कोरबा, तहसील कोरबा जिला कोरबा में निवासरत थी। यह कि उक्त मकान को मेरे स्व. पति पोतन पल्ली पापय्या द्वारा उर्सुल्ला दान से खरीदा गया था। जिनकी रजिस्ट्री 09/07/2009 को उपपंजीयक कार्यालय कोरबा में कराई गई थी। यह कि मेरे पति के स्वर्गवास के बाद उक्त मकान छ.ग.गृह निर्माण मंडल कोरबा कार्यालय में मेरे नाम से दर्ज है। यह कि दिनांक 04 दिसंबर 2025 को हाउसिंग बोर्ड कार्यालय कोरबा रामपुर से आईटीआई चौक के बीच उक्त मूल दस्तावेज मुझ से कहीं गिर गया जो खोजने पर भी नहीं मिल पाया है। यह कि मेरे द्वारा यह आम सूचना अपने कथन के समर्थन में प्रकाशित कराया जा रहा है, जिसे संबंधित कार्यालय/ संस्थान में जमा करना है।

**पोतन पल्ली कृष्ण वेनी**
**पति स्व. पोतन पल्ली पापय्या**
**चरौदा, भिलाई**
**जिला दुर्ग (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### पूर्वांचल सर्वसमाज विकास समिति की बैठक संपन्न

**कोरबा।** पूर्वांचल सर्वसमाज विकास समिति ने बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के लगभग 50 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न संगठनात्मक एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से विकास सिंह को समिति का कार्यवाहक अध्यक्ष तथा प्राणनाथ मिश्रा को पीआरओ नियुक्त किया गया। आगामी दिनों में जिला स्तर पर कार्यकारिणी, महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ के गठन का निर्णय लिया गया। साथ ही जिला स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए आगामी माह में नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किए जाने पर भी सहमति बनी।

### तीन दिवसीय अंतर-इकाई बैडमिंटन एवं योगा प्रतियोगिता का शुभारंभ



**कोरबा।** द्रोणाचार्य इंडोर स्टेडियम दीपका में सीआईएसएफ यूनिट बिलासपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर-इकाई बैडमिंटन एवं योगा प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ दीपका क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय मिश्रा ने किया। इस अवसर पर सीआईएसएफ के उपमहानिरीक्षक निर्विकार के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ, जबकि वरिष्ठ कमांडेंट नागेंद्र कुमार झा की विशेष उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से पहुंचे पुरुष एवं महिला सेंट्रल सेक्टर टीमों के खिलाड़ी, सीआईएसएफ यूनिट बिलासपुर के अधिकारी तथा खेलप्रेमी उपस्थित रहे। शुभारंभ के बाद महाप्रबंधक संजय मिश्रा और श्री निर्विकार ने स्वयं बैडमिंटन खेलकर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों के स्तर को और ऊंचा उठाने में सहायक होंगी तथा संगठन का नाम रोशन करेंगी।

### गुरु घासीदास बाबा ने रावटी लगा किया सतनाम का प्रचार : प्रेमचंद पटेल



**कोरबा।** सतनामी कल्याण समिति कुसमुंडा के तत्वाधान में सतनाम प्रांगण आदर्श नगर कुसमुंडा में 29 दिसंबर को गुरु पर्व समारोह कटघोरा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। विधायक श्री पटेल ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी ने समता के अधिकार के लिए व्यापक कार्य किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसईसीएल कुसमुंडा के सीनियर मैनेजर जीआर भास्कर ने किया। तथा अतिविशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष श्रीमती सोनी कुमारी झा, विशिष्ट अतिथि जय बूढ़ादेव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्यारेलाल आदिले, अखिल भारतीय डोमा परिसंघ के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र कुमार खुंटे, सिस्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी खांडे, सतनामी कल्याण समिति के अध्यक्ष नारायण लाल कुर्रे, सचिव आरडी भारद्वाज, उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता पाटले, 12 गांव सतनामी समाज बिरदा के अध्यक्ष सम्मेलाल लाल पाटले, पार्षद नवीन कुकरेजा, पार्षद प्यारेलाल दिवाकर, पार्षद सुश्री दिव्या कुर्रे, प्रोफेसर डॉ मनहरण अनंत आदि उपस्थित थे।

### किसानों ने अभियंता लोक निर्माण विभाग को सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** विकासखण्ड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत पोड़ी एवं पोलमी के किसान सड़क निर्माण में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा पाने चार साल से भटक रहे हैं। पोड़ी और पोलमी के दर्जनों किसान रायपुर पहुंचे और लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता को ज्ञापन सौंप कर शीघ्र मुआवजा राशि देने की गुहार लगाई। एडीबी परियोजना लोन-3 के अंतर्गत पैकेज-23 के तहत 21.481 किलोमीटर पाली-सिल्ली सड़क निर्माण के लिए पाली से लेकर सिल्ली तक सैकड़ों ग्रामीणों की जमीन अधिग्रहित की गई थी। सड़क के लिए जमीन अधिग्रहण किए चार साल हो गए, सड़क निर्माण भी पूर्ण हो चुका है, लेकिन पोड़ी और पोलमी के करीब 82 आदिवासी किसानों का मुआवजा अब तक नहीं मिल पाया है। प्रमुख अभियंता को सौंपे ज्ञापन में पीड़ितों ने कहा है कि जमीन जाने से उन्हें काफी नुकसान हुआ है और मुआवजा राशि न मिलने के कारण कई किसानों की आर्थिक स्थिति बद से बदत्तर हो गई है।

# रेलवे स्टेशन में लगे प्रीपेड ऑटोबूथ में इक्का दुक्का पहुंच रहे हैं यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

लंबे जद्दोजहद के बाद रेलवे स्टेशन में जिला प्रशासन के द्वारा शुरु किए गए प्रीपेड ऑटोबूथ में अभी भी स्थानीय यात्रियों का रुझान नहीं बढ़ रहा है। इक्का दुक्का यात्री ही सुविधा का लाभ लेने पहुंचते हैं। दिनभर में 8 से 10 यात्री बूथ में पहुंच गए तो बहुत बड़ी बात होती है। बूथ संचालन के लिए नगर निगम कर्मचारी नियुक्ति भी की है। किंतु यात्री बूथ न पहुंचकर सीधे ऑटो स्टैंड ही पहुंच रहे हैं।

प्रीपेड ऑटोबूथ शुरु होने से देर रात आने वाली यात्री गाड़ियों के यात्रियों के लिए एक बाड़ी सुविधा मानी जा रही थी किंतु संचालन के 4 माह बाद भी बूथ में सुविधा का लाभ लेने के लिए यात्री नाम मात्र पहुंच रहे हैं। बूथ के संचालन से लेकर अब तक कभी भी ऐसी स्थिति नहीं आई के सौ से अधिक ऑटो एक साथ बुक हुए हों। वर्तमान में रेलवे स्टेशन में चल रहे अमृत मिशन योजना के कार्य के वजह से मेनगेट बंद होने के कारण यात्री यहां से बाहर ही नहीं निकल रहे हैं। दिनभर में 8 से 10 यात्री ही बूथ में ही रसीद कटाते हैं। जबकि शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में जाने के लिए किराया भी निर्धानित किया गया है। उस निर्धारित किराया में ही ऑटो चालक यात्रियों को ले जाते हैं उसके बावजूद यात्री प्रीपेड ऑटोबूथ नहीं पहुंचते हैं।

## एक दिन में 8 से 10 यात्री ही कटाते हैं रसीद

**खास बातें**

- यात्रियों के सुविधा के लिए शुरू किया था जिला प्रशासन




### 40 से 50 रुपए का अंतर

प्रीपेड ऑटोबूथ में दर्ज किराया सूची और ऑटो चालकों के द्वारा लिए जाने वाले किराये में 40 से 50 रुपए का अंतर रहता है अगर यात्री बूथ के माध्यम से ऑटो बुक कराते हैं तो उन्हें सीधे ऑटो बुकिंग की तुलना में 40 रुपए कम किराया देना पड़ता है अगर कोई यात्री सीधे ऑटो बुकिंग करते हैं तो उन्हें प्रीपेड ऑटोबूथ में दर्ज किराये से 40 से 50 रुपए अधिक देना पड़ता है।

### अन्य प्रदेश के यात्री ही लेते हैं सुविधा

प्रत्येक दिन रेलवे स्टेशन में 7 से 8 गाड़ियां आती है और प्रत्येक गाड़ियों से महज 3 से 4 यात्री ही प्रीपेड ऑटोबूथ पहुंचते हैं। जहां ऑटो की सुविधा लेते हैं उनमें भी अन्य प्रदेश से आने वाले यात्री ही शामिल हैं। स्थानीय यात्री या तो पहले से ऑटो की बुकिंग कर स्टेशन बुला लेते हैं या फिर सीधे ऑटो स्टैंड पहुंचकर गंतव्य तक जाने के लिए ऑटो बुक कराते हैं।

## जिला मुख्यालय में चल रहा है कामकाजी महिलाओं का हॉस्टल

# कटघोरा को नए साल में सखी टॉप वन सेंटर की मिलेगी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मुख्यालय के बाद सखी टॉप वन सेंटर की सौगात नए साल से कटघोरा ब्लॉक मुख्यालय को मिलने जा रही है।

**खास बात**

- महिला बाल विकास विभाग ने कर्मचारियों के लिए शुरू की भर्ती

इसके साथ ही कामकाजी हॉस्टल के लिए कार्ययोजना शासन के निर्देश पर बनाई जाएगी। कटघोरा में खुलने वाले सखी टॉप वन सेंटर के लिए महिला बाल विकास विभाग ने कर्मचारियों की भर्ती शुरु कर दी है। जिले का दूसरा टॉप वन सखी सेंटर होगा इसके पूर्व जिला मुख्यालय में शुरु हो चुका है।

महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा के साथ उनके कल्याणकारी योजनाओं के लिए महिला बाल विकास विभाग के द्वारा जिला मुख्यालय में सखी टॉप वन सेंटर की शुरुआत आज से चार वर्ष पूर्व पोड़ीबहार वार्ड में की गई थी। जिसके लिए कर्मचारियों की भर्ती विभाग के द्वारा की गई थी। इसके अलावा जिले के शेष चार विकासखंड में जिला मुख्यालय के तर्ज पर सखी टॉप वन सेंटर शुरु करने के लिए राज्य शासन को विभाग के द्वारा एक प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। इस प्रस्ताव में कटघोरा क्षेत्र को पहले प्राथमिकता दी गई थी।




### कटघोरा क्षेत्र में बढ़ेंगी शासकीय सुविधाएं

जिला मुख्यालय की तरह अन्य शासकीय योजनाओं की सुविधाएं कटघोरा क्षेत्र में शुरु की जाएंगी। जिले का कटघोरा क्षेत्र एक जंक्शन के रुप में विकसित हो रहा है। दो नेशनल हाईवे के निर्माण के बाद और एक रेलवे लाइन के शुरु होने से कटघोरा क्षेत्र में अन्य जिलों से लोगों का आना जाना बढ़ेगा। जिसे देखते हुए राज्य प्रशासन ने कटघोरा क्षेत्र को नए सिरे से विकसित करने और शासकीय सुविधा बढ़ाने की योजना तैयार किया है। इसी तर्ज पर सखी टॉप वन सेंटर की शुरुआत हो रही है। अगले चरण में कामकाजी महिलाओं का हॉस्टल का भी प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

### शासन से स्वीकृति मिली है

कटघोरा में सखी टॉप वन सेंटर खोलने की स्वीकृति राज्य शासन से मिली है। जिसके लिए तैयारियां शुरु कर दी गई है। सखी टॉप वन सेंटर में 5 महिलाओं को रखने की व्यवस्था रहेगी। जिले का यह दूसरा सेंटर होगा। हॉस्टल के संबंध में अभी शासन से कोई निर्देश नहीं मिला है।

**-बसंत कुमार मिंज,**
महिला बाल विकास अधिकारी

राज्य शासन से स्वीकृति मिलने के बाद अब कटघोरा विकासखंड में जिले का दूसरा सखी टॉप वन सेंटर शुरु होने जा रहा है। प्रारंभिक तौर पर इसका संचालन किराये के मकान में किया जाएगा। सखी टॉप वन सेंटर के अलावा जिले में चलने वाले कामकाजी महिलाओं के हॉस्टल की तरह कटघोरा क्षेत्र में भी कामकाजी महिलाओं का हॉस्टल शुरु करने के लिए राज्य शासन से निर्देश मिलने के बाद काम किया जाएगा। जिसे सखी निवास के नाम से जाना जाएगा।

# पुलिस ने सड़क से लेकर होटल ढाबों तक चलाया चेकिंग अभियान



कार्यवाही करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नववर्ष को लेकर कटघोरा शहर में उत्सव का माहौल बनने लगा है। शहर के बड़े होटल, लॉन, ढाबे और सार्वजनिक स्थलों पर नए साल के जश्न की तैयारियां जोरों पर हैं। लोग 31 दिसंबर की रात को यादगार बनाने के लिए विभिन्न आयोजनों की योजना बना रहे हैं। इसी बीच शांति, कानून-व्यवस्था और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने मंगलवार को शहर के प्रमुख मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

चेकिंग अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 10 लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने न सिर्फ जुर्माना लगाया, बल्कि सभी को सख्त हिदायत दी कि नए साल की रात किसी भी तरह की लापरवाही, हुड़दंग या कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 31 दिसंबर और नववर्ष के अवसर पर यदि कोई व्यक्ति हंगामा करता है, नशे में वाहन चलाता है या शांति भंग करने की कोशिश करता है, तो उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और सीधे जेल भेजा जाएगा। इसके अलावा दोपहर के समय कटघोरा थाना परिसर में निगरानी शुदा बदमाशों, गुंडा तत्वों, डीजे संचालकों और ढाबा संचालकों की एक विशेष बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी ने सभी को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि डीजे की आवाज तय मानकों से अधिक नहीं होनी चाहिए, शराब परोसने और संचालन में नियमों का पालन अनिवार्य होगा तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या झगड़े की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे नए साल का जश्न शांति, संयम और कानून के दायरे में रहकर मनाएं, ताकि सभी लोग सुरक्षित और खुशहाल तरीके से नववर्ष का स्वागत कर सकें।

# पीएम सूर्यघर बिजली में पीवीटीजी घरों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कराने के दिए निर्देश : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कलेक्टर।

कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक लेकर शासन की फ्लैगशिप योजनाओं तथा पीएमओ-जन शिकायत, मुख्यमंत्री जनदर्शन और कलेक्टर जनदर्शन अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन फील्ड स्तर पर सुनिश्चित हो तथा संबंधित अधिकारी इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें।

कलेक्टर श्री दुदावत ने जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति (पीवीटीजी) परिवारों के आवासों में पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि लक्ष्य के अनुरूप सोलर सिस्टम निर्धारित समय सीमा में स्थापित किए जाएं। उन्होंने विद्युत मीटर स्थापना के लिए जोनल टेंडर जारी करने और विद्युत-विहीन गाँवों की जनसंख्या सहित जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश विद्युत विभाग को दिए। कोरबा और कटघोरा डिवीजन के पीवीटीजी परिवारों में सूर्यघर योजना हेतु बैंक लोन स्वीकृति की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया कि पीवीटीजी घरों में निवास करने वाले परिवारों के लोन प्राथमिकता से स्वीकृत किए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि पीएम सूर्यघर योजना से पीवीटीजी परिवार को अधिक से अधिक लाभान्वित करें ताकि आने वाले समय में वे ऊर्जा के उपभोक्ता होने के साथ-साथ उत्पादक भी बन सकें। उन्होंने विद्युत विभाग को शिविर लगाकर लोगों को योजना के फायदे बताने तथा उन्हें कनेक्शन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 400 यूनिट और 200 यूनिट से अधिक विद्युत खपत वाले उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर इच्छुक उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। साथ ही डिवीजन के जूनियर अभियंताओं को भी लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने नगर निगम व नगर पालिकाओं को पार्षदों के साथ समन्वय कर इच्छुक हितग्राहियों को योजना के प्रति प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। पीएम-श्री विद्यालयों तथा समग्र शिक्षा मद के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने शहर में ईवी (बैटरी) वाहनों के चार्जिंग स्टेशन पॉइंट के संबंध में निर्देश दिए कि इन स्टेशनों में विद्युत के साथ-साथ सोलर सिस्टम का विकल्प भी शामिल किया जाए। ईवी चार्जिंग हेतु स्थान सुरक्षित कर निःशुल्क चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के इच्छुक निजी संस्थानों से चर्चा करने के निर्देश निगमायुक्त को दिए।


### अपार आईडी बनाने के निर्देश

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी से स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों के अपार आईडी बनाने हेतु सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली जाएं। एक सप्ताह के भीतर फॉर्मेट तैयार कर बीईओ और एसडीएम के समन्वय से इन आईडी का निर्माण सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने आगामी सत्र में आंगनबाड़ी से स्कूल जाने वाले बच्चों के जाति प्रमाणपत्र भी समय पर तैयार कराने हेतु आवश्यक समन्वय बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के अंतर्गत अभी तक निर्धारित विद्यालयों में जॉइन नहीं करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध नोटिस जारी कर निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**खास बातें**

- पीवीजीटी परिवारों को ऊर्जा के उपभोक्ता के साथ उत्पादक भी बनाएं
- समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा

### ईंट भट्ठे से 30 हजार अवैध ईंटें जब्त



**कोरबा।** हरदीबाजार-दीपका एसईसीएल क्षेत्र की अधिग्रहण प्रक्रिया को सुरक्षित रखने तथा अवैध कब्जों और निर्माण कार्यों पर रोक लगाने प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। धारा 9 के प्रकाशन के बाद प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के नए निर्माण व व्यावसायिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लागू है। इसके बाद भी लोग नहीं मान रहे हैं। हरदीबाजार तहसीलदार अभिजीत राजभानु की टीम ने क्षेत्र में दबिश देकर अनीता राठौर के ईंट भट्ठे से 30 हजार अवैध ईंटें जब्त की है। अधिकारियों ने बताया कि एसईसीएल दीपका क्षेत्र के लिए धारा 9 का प्रकाशन होने के बाद संबंधित भूमि पर किसी भी प्रकार का नया निर्माण, व्यावसायिक गतिविधि या संसाधनों का दोहन पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद भी मुआवजे की आशंका या अवैध लाभ कमाने की नीयत से ईंट भट्ठे संचालित किए जा रहे थे। नदी-नालों से अवैध रेत परिवहन कर निर्माण कार्यों में उपयोग किया जा रहा था।

# धान खरीदी केंद्रों का शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



निरीक्षण करते बोर्ड के अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रामपुर विधानसभा प्रवास के दौरान राज्य चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा ध्रुव कुमार मिर्धा ने मंगलवार को विकासखंड करतला अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित फरसवानी एवं कोथारी स्थित धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान श्री मिर्धा ने धान खरीदी की व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया तथा उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान किसानों द्वारा धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग रखी गई, जिस पर श्री मिर्धा ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। धान खरीदी केंद्रों में मौजूद किसानों ने प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया तथा सुचारू रूप से संचालित धान खरीदी व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर नरेंद्र बिंझवार, झामलाल साहू, लेखराम सोनवानी, खिलवान मन्नेवार, अकादशी, हरी सोनवानी, सतीश राठौर, रामनाथ कश्यप, ओमप्रकाश मिर्धा सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, दावा-आपत्ति आमंत्रित

# एसआईआर : 8 लाख 17 हजार 410 मतदाता आए सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अर्हता तिथि 1 जनवरी हेतु फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसम्बर को कर दिया गया है। इस संबंध में जिले के विधानसभा रामपुर एवं कटघोरा के ईआरओ द्वारा राजनैतिक दलों की बैठक लेकर जानकारी दी गई।

युक्तियुक्तकरण के उपरांत जिले में विधानसभा अनुसार मतदान केन्द्रों की स्थिति इस प्रकार है विधानसभा क्षेत्र 20 - रामपुर 306 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र 21 कोरबा 299 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र 22 कटघोरा 283 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र 23 पाली तानाखार 323 मतदान केन्द्र हैं। कुल मतदाताओं की संख्या रामपुर में 2 लाख 5 हजार 293, कोरबा में 2 लाख 5 हजार 856, कटघोरा में 1 लाख 91 हजार 194, पाली तानाखार में 2 लाख 15 हजार 67 इस प्रकार कुल मतदाताओं की संख्या 8 लाख 17 हजार 410 हैं। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत 23 दिसम्बर से 22 जनवरी तक नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन हेतु दावा-आपत्तियाँ आमंत्रित की जा रही हैं। प्राप्त दावों का निराकरण 14 फरवरी तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों के प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर के उपरांत प्राप्त साप्ताहिक दावा-आपत्ति की जानकारी सर्वसामान्य के लिए जिले की आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध कराई जा रही है।



फाइल फोटो

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780